


# मुख्यालय में निवास नहीं करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : श्री नारायन

## कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,4 जून. आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की बैठक लेकर कलेक्टर हरेन्द्र नरायान ने विभिन्न योजनाओं एवं ग्रामीण विकास के कार्यों में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर हरेन्द्र नरायान ने कहा कि जिन जनपद पंचायतों में सहायक परियोजना अधिकारी मुख्यालय पर निवास नहीं कर रहे हैं.**

वहां कार्यों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक संबंधित अधिकारी मुख्यालय में निवास करना प्रारंभ नहीं करते, तब तक उनका वेतन आहरित नहीं किया जाए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रमाणित करें कि संबंधित एपीओ मुख्यालय में निवास कर रहे हैं।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र असंगठित श्रमिकों को योजना से जोड़ा जाए। योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र हितग्राहियों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ मिल सके।

### मनरेगा में लेबर एंगेजमेंट कम होने पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमिकों की कम भागीदारी एवं अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जनपद पंचायत तामिया, हर्रई एवं परासिया के सहायक परियोजना अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके 15 दिवस की वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मनरेगा योजना के लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराएं तथा इस संबंध में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और सभी अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।

### पेयजल समस्याओं के त्वरित करे निराकरण

गर्मी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायतों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में कहीं भी पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न हो। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जहां भी पेयजल संबंधी समस्या सामने आए, उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), मध्यान्ह भोजन योजना सहित अन्य विकास एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा भी की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

फायर सेफ्टी सिस्टम नही होने पर नगर निगम ने जारी किए नोटिस

# होटल-रेस्टोरेंट में की गई फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच



**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,4 जून. शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से होटल एवं रेस्टोरेंट प्रतिष्ठानों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व फायर अधिकारी अभिषेक दुबे ने अपनी टीम के साथ किया।**

जांच के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों में स्थापित फायर फाइटिंग सिस्टम, फायर अलार्म, फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट सिस्टम तथा आपातकालीन निकास मार्गों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट एवं वार्षिक फायर ऑडिट से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं पाई गईं। इस पर नगर निगम द्वारा संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। फायर अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि किसी भी नए व्यावसायिक प्रतिष्ठान के निर्माण से पूर्व नगर निगम से भवन निर्माण अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। इसी प्रक्रिया के दौरान फायर प्लान की स्वीकृति के लिए आवेदन किया जाता है, जिसके आधार पर व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार निरीक्षण कर अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

### नवीनीकरण कराना आवश्यक

उन्होंने बताया कि भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद फायर प्लान के अनुरूप फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी किया जाता है, जिसकी वैधता तीन वर्ष होती है। इस अवधि में प्रतिवर्ष फायर ऑडिट कराना अनिवार्य है, जबकि तीन वर्ष पूर्ण होने पर सर्टिफिकेट का नवीनीकरण कराना आवश्यक होता है।

### अग्नि सुरक्षा मानकों का करना होगा पालन

नगर निगम अमले ने सभी होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों से अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित अवधि में आवश्यक सुधारात्मक कार्य करने की अपील की है, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना की स्थिति में जनहानि एवं संपत्ति के नुकसान को रोका जा सके।

### दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**छिंदवाड़ा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अस्पताल में सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार अनुज पिता मुरारी साहू 21 वर्ष सिवनी छपारा का रहने वाला है। वह बाइक से किसी काम से जा रहा था। इस दौरान गोरखपुर के समीप सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोगों की मदद से स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालते होने के कारण अनुज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसे दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने एवं व्यवस्थित करने की कार्रवाई



**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,4 जून. नगर निगम अमले ने नरसिंहपुर रोड स्थित संतोषी माता मंदिर के पास, राम मंदिर के आसपास, शनिचरा बाजार पानी टंकी क्षेत्र, जनसेवक स्कूल के पास तथा शनिचरा बाजार मार्केट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने एवं यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने हेतु कार्रवाई की गई।**

कार्रवाई के दौरान दुकानदारों एवं फुटकर व्यापारियों को सड़क से हटाकर व्यवस्थित किया गया। साथ ही अनाउंसमेंट के माध्यम से सभी व्यापारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने निर्धारित क्षेत्र में ही सामान रखकर व्यवसाय करें तथा सार्वजनिक सड़क पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। नगर निगम द्वारा चेतावनी दी गई है कि भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित सामग्री जप्त करने एवं चालानी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने सभी व्यापारियों से शहर की यातायात एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

### महिला का शव कुंए में उतराता मिला

**छिंदवाड़ा।** उमरानाला चौकी क्षेत्र के कुकड़ीखापा गांव में एक महिला की कुएं में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जानकारी अनुसार सरिता पति मुकेश देशमुख 28 साल कुकड़ी खापा की रहने वाली है। सात साल पूर्व बिछुआ गोनी में उसका विवाह हुआ था। पांच छह महीने से वह मायके में रह रही थी। मगलवार को वह दोपहर 1 बजे घर से बाहर निकली थी। शाम तक नहीं आने परिजनों ने रिस्तेदारी और जान पहचान वालों में तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। बुधवार की दोपहर उसका शव घर के सामने कुएं में उतराता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मामले को जांच में ले लिया है।

# पुलिस ने दो गुमशुदा नाबालिकों को ढूंढ निकाला

- सायबर सेल और टीम की रही भूमिका, नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द किया



**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,4 जून.उमरानाला चौकी क्षेत्र में गुमशुदा दो नाबालिगों को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ढूंढ निकाला। दोनों को पुलिस ने उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों का खुषी का ठिकाना न रहा। उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।**

बता दें कि गुमशुदा (लापता) नाबालिक बालिका जिसमे एक विगत वर्ष 2025 से लापता बालिका एवं एक मई 26 से नाबालिक बालिका को अलग-अलग स्थान से जिसमें मोहखेड, कुण्डीपुरा से दस्प्तयाब कर परिजनो से सकुशल मिलाया। एसपी के निर्देशन में एएसपी नेतृत्व में थाना प्रभारी मोहखेड के कुशल मार्गदर्शन मे उमरानाला चौकी पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सक्रियता एवं सतर्कता से कार्य करते हुए बालिका का सुराग लगाया और सफलतापूर्वक बालिका को मोहखेड़ से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। वही इसी प्रकार चौकी उमरानाला मोहखेड़ की गुमशुदा नाबालिग बालिका जो 28 मई से लापता थी जिसे पुलिस टीम ने सक्रियता एवं सतर्कता से त्वरित कार्य करते हुए बालिका का सुराग लगाया और सफलतापूर्वक चौकी धर्मटेकड़ी क्षेत्र से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। इस मामले में चौकी प्रभारी ऊनि राजेश साहू ,स.उ.नि. संतोष बघेल , एचसी श्याम टाकरे एचसी हेमंत इंदुलकर, महिला एचसी, महिला आरक्षक और कविता मोहबे ,सायवर सेल आदित्य रधुवंशी, नितिन सिंह कह अहम भूमिका रही। एसपी ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### बूथों पर चलेगा बैठकों का दौर, मतदाता सूची का करेंगे अवलोकन

**छिन्दवाड़ा.** राजीव भवन स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शहर कांग्रेस कमेटी, कांग्रेस के मोर्चा संगठन, कांग्रेस पार्षद दल व उप ब्लॉकों के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में आगामी रणनीति बनाई गई साथ ही बूथ कमेटियों पर चर्चा व मतदाता सूची का अवलोकन करने हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कमलनाथ एवं नकुलनाथ की मंशानुसार शहर के समस्त बूथों पर सतत रूप से बैठकें आयोजित की जाए। जहां बूथ कमेटियों का गठन नहीं हुआ है वहां तत्काल बूथ कमेटियां बनाई जाए साथ ही हर माह की समीक्षा करना तय करें। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि जो जिस बूथ का निवासी है, उसकी प्रथम जिम्मेदारी यह है कि वह अपने बूथ को मजबूत करें। मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें। ताकि उन्हें यह पता रहे कहां किस बूथ पर नया नाम जुड़ा है या फिर काटा गया है। जिन मतदाताओं के नाम काटे गए हैं उसकी वजह और सत्यता अवश्य जानें।

# आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन 2 में छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 ने परासिया 11 को 11 रन से हराया



**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,4 जून. जिले में आयोजित आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन-2 के अंतर्गत गुरुवार को परासिया 11 एवं छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परासिया 11 को 11 रन से पराजित कर जीत दर्ज की।**

टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 ने निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी परासिया 11 की टीम निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी।

इस प्रकार छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 ने 11 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभम पंद्राम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के सचिव राघवेंद्र उइके एवं अनिकेत अहाके ने बताया कि मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री विक्रम अहके, ए.एस. उइके, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल, जिला आबकारी अधिकारी बी.आर. वैध, अधीक्षण यंत्री सुनील सिन्हा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एस.एस. मरकाम, महाप्रबंधक जिला उद्योग आर.एस. उइके, उत्सव बैरागी, सभापति श्रीमती नमिता मनोज सक्सेना, श्रीमती सुनीता विजय पाटिल, आतिश ठाकरे, आर.पी.एस. परतेती, के.एल. सिल्लू, हेमकरण तिरगाम, मुकेश गहलोत, कैलाश प्रसाद मंडलोई, कमलेश डेहरिया, सिद्धांत थानेश्वर, धीरज राउत, कार्तिक वानखेड़े, चित्रगुप्त सिसोदिया एवं प्रशांत घोंघे उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का अगला मुकाबला शुक्रवार को अमरवाड़ा 11 एवं तामिया 11 के बीच खेला जाएगा।

जिला अस्पताल सहित प्राइवेट अस्पताल की ओपीडी लग रही मरीज लाईन

# मौसम ठंडा गरम होने से लोगों को हो रहा डायरिया

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,4 जून. जिले में मौसम बदलने के साथ ही पिछले एक सप्ताह में तापमान में भारी गिरावट देखी गई है। बारिश ओर बादलों के चलते तापमान तकरीबन 6 डिग्री लुढ़कर 37 डिग्री पर आ गया है। वही न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस हो गया है। हालांकि बारिश रूकने के कारण उमस बढ़ गई है।**



दिन और रात में उमस ने आम लोगों को हलाकान कर दिया है। मौसम गरम ठंडा होने के कारण डायरिया की शिकायतें बढ़ गई है। वर्तमान में शासकीय व प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है जिसका सबसे प्रमुख कारण गर्मी का लगातार बढना है, जरा सी लापरवाही लोगों पर भारी पड़ सकती है, जिसके चलते संभलकर रहने की आवश्यकता है।बढ़ते तापमान में हाइड्रेटेड रहें, प्यास न लगने पर भी खूब पानी पिएं, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी और ओआरएस का सेवन करें। समय का ध्यान रखें व दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच सीधी धूप में बाहर न निकलें। हल्के, ढीले और सूतीकपड़े पहनें। धूप में टोपी, चश्मा या छाते का प्रयोग करें।

ठंडे वातावरण में रहें, हल्का भोजन करें। खीरा, तरबूज, खरबूजा जैसे पानी की मात्रा वाले फलों का सेवन करें। बासा व काफी लंबे समय पूर्व बना खाना खाने से बचना चाहिए, प्रतिदिन ताजा व पौष्टिक आहार लें।

### जिला अस्पताल में ओपीडी व आईपीडी की स्थिति

| तिथि | ओपीडी | आईपीडी |
| --- | --- | --- |
| 04 मई | 1292 | 245 |
| 03 मई | 1278 | 217 |
| 02 मई | 1160 | 102 |
| 01 मई | 1189 | 231 |

### इनका कहना है...

तापमान कम ज्यादा होने से डायरिया का खतरा बढ़ा है। इस दौरान बच्चे व बुजुर्ग ज्यादा बीमार होते है। गर्मी में लोगों को अपना बचाव करके रखना चाहिए। घर से निकलते से बचे तथा गमछा व टोपी का उपयोग करें, दिन में ज्यादा से ज्यादा पानी पिए तथा ठंडक वाले स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा रहें।

**डॉ पवन नंदुलकर,**
**शिशु रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल, छिंदवाड़ा**


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU / M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths / B.Sc. Biology
B.Com. Honours / M.Com.
B.A. Honours / B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589